RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : गुरुवार 21 मार्च 2024 वर्ष 05 अंक 329 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## रेल दुर्घटना में युवक की मौत, पिता को दोस्तों पर हत्या का शक




**मुंबई:** वडाला सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने उस मामले में आकस्मिक मौत रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की है, जहां तिलक नगर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक 21 वर्षीय व्यक्ति मृत पाया गया था। मृतक के पिता का अब आरोप है कि उनके बेटे की हत्या दरअसल उसके 'दोस्तों' ने की है. पुलिस के मुताबिक, घटना 21 फरवरी को हुई और यह तब सामने आई जब रेलवे कर्मियों ने मेहुल परमार का शव रेलवे ट्रैक पर देखा। वडाला जीआरपी ने बाद में एडीआर दर्ज की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए केईएम अस्पताल भेज दिया।बाद में, सोमवार को, मृतक के पिता, अरविंद परमार, एक शिकायतकर्ता के साथ वडाला जीआरपी के पास पहुंचे, जहां उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके बेटे की हत्या दिशा खिलारे, मनोज और पूजा नाम के मेहुल के दोस्तों ने की है। शिकायत में, अरविंद ने कहा, ''मेरा बेटा 21 फरवरी को रात में लगभग 9:30 बजे घर से निकल गया।

# मुंबई महापालिका के नए आयुक्त भूषण गगरानी...

## सौरभ राव ठाणे, कैलाश शिंदे नवी मुंबई मनपा आयुक्त

**मुंबई : चुनाव आयोग ने बुधवार को मुंबई महानगरपालिका आयुक्त पद पर इकबाल सिंह चहल के स्थान पर भूषण गगरानी की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान की। 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी गगरानी को विभिन्न प्रमुख विभागों में काम करने का व्यापक अनुभव है। बुधवार को उन्होंने पदभार भी ग्रहण कर लिया।**



चुनाव आयोग ने सौरभ राव को ठाणे महापालिका का आयुक्त और कैलाश शिंदे को नवी मुंबई महापालिका का आयुक्त नियुक्त करने पर मुहर लगाई। मुंबई मनपा आयुक्त बनने से पहले भूषण गगरानी मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे। उनके पास नगर विकास, जल संपदा और मराठी भाषा विभाग की जिम्मेदारी थी। उनके पास कई महत्वपूर्ण पदों पर काम करने का व्यापक अनुभव है। चुनाव आयोग ने एक ही पद पर तीन साल से अधिक वर्षों से काम कर रहे अफसरों के तबादले करने का आदेश दिया था। हालांकि राज्य सरकार इकबाल सिंह चहल को हटाना नहीं चाहती थी। राज्य सरकार ने इस संबंध में चुनाव आयोग से अनुरोध भी किया था, लेकिन चुनाव आयोग ने सरकार की अपील को ठुकराते हुए सोमवार को मुख्य सचिव को निर्देश दिया था कि तीन साल से एक ही पद कार्यरत अधिकारियों का तबादला करते हुए मंगलवार शाम 5 बजे तक इसकी जानकारी चुनाव आयोग को दी जाए। मुख्य सचिव ने कई अधिकारियों का तबादला किया और मुंबई महानगरपालिका आयुक्त पद के लिए चुनाव आयोग को तीन अधिकारियों मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव भूषण गगरानी, एमएमआरडीए आयुक्त संजय मुखर्जी और बेस्ट महाप्रबंधक अनिल डिग्गीकर के नाम सुझाए थे। इसके बाद बुधवार को चुनाव आयोग ने भूषण गगरानी के नाम पर मुहर लगा दी।

### संभाला पदभार...

बुधवार शाम को तकरीबन पांच बजे नवनियुक्त मुंबई मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने मनपा मुख्यालय आकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया। उन्हें इकबाल सिंह चहल ने पदभार सौंपा। गगरानी ने कहा कि वे डेढ़ साल पहले नगर विकास विभाग के सचिव रहते हुए मुंबई मनपा मुख्यालय आए थे। उस वक्त चहल ने कहा था कि आप ही अगले मनपा आयुक्त बनेंगे और मैं आपका स्वागत करुंगा। यह बात सच साबित हुई। गगरानी ने कहा कि वे इकबाल सिंह चहल के विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। इसके पहले मंगलवार को चुनाव आयोग के निर्देश पर मुंबई मनपा के दो आयुक्त पी वेलारासू और अश्विनी भिडे का तबादला कर दिया गया था। उनकी जगह पर अभिजीत बांगर और अमित सैनी को नियुक्त किया गया था।

# 9.6 लाख रुपये के प्रतिबंधित तंबाकू के प्रोडक्ट बरामद...

## दो लोग गिरफ्तार



**ठाणे:** महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर में एक टेम्पो से 9.6 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद बरामद किए गए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए मंगलवार को बताया कि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पनवेल-सायन रोड पर वाशी गांव में जांच पड़ताल की। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि प्रतिबंधित पदार्थ कहां से लाया गया था और कहां इसे ले जाया जा रहा था। महाराष्ट्र में 2012 से गुटखा, सुगंधित और विभिन्न स्वाद वाले तंबाकू की बिक्री और उसके सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

वाशी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब एक बजे टेम्पो को वहां आते देखा गया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली। उन्होंने बताया कि पुलिस को टेम्पो से बोरियों में बंद विभिन्न ब्रांड के पान मसाला और अन्य तंबाकू उत्पाद मिले जिन्हें उन्होंने जब्त कर लिया है। पुलिस ने टेम्पो में सवार 30 और 51 साल के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनमें से एक ठाणे जिले के मुंब्रा का और दूसरा पुणे के मावल का रहने वाला है। अधिकारी ने बताया कि अभी इस मामले में दो और लोगों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 328 (अपराध करने के इरादे से जहर आदि के माध्यम से चोट पहुंचाना), 272 (बिक्री के लिए इच्छित भोजन या पेय में मिलावट), 273 (हानिकारक भोजन या पेय की बिक्री), 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत घोषित आदेश की अवज्ञा) और खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# महिला ने अटल सेतु से समुद्र में लगाई छलांग... शव की तलाश जारी



**मुंबई :** दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने के लिए समुद्र पर नवनिर्मित अटल सेतु से 43 वर्षीय एक महिला ने छलांग लगा दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस अभी तक उसके शव का पता नहीं लगा पाई है। लेकिन पीड़िता के मुंबई स्थित आवास से एक कथित सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने बताया कि पेशे से डॉक्टर किंजल कांतिलाल शाह अवसादग्रस्त थीं और उनका इलाज चल रहा था। वह अपने पिता के साथ मुंबई के परेल इलाके में दादा साहब फाल्के रोड स्थित नवीन आशा इमारत में रहती थीं। पुलिस ने बताया कि सोमवार की दोपहर किंजल ने अपने घर के पास से टैक्सी ली और चालक से उसे अटल सेतु तक ले जाने के लिए कहा। न्हावा शेवा पुलिस थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कोटे ने बताया, ''पुल पर थोड़ी दूर चलने के बाद महिला ने चालक को टैक्सी रोकने के लिए कहा। चालक वाहन रोकना नहीं चाहता था लेकिन उसने जिद की तो चालक ने गाड़ी रोक दी। वह गाड़ी से बाहर निकली और पुल से कूद गई। टैक्सी चालक ने तत्काल नवी मुंबई पुलिस को सूचित किया जिसके बाद तटीय पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों और बचाव दल की मदद से उसे ढूंढने के लिए अभियान चलाया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक महिला ने सोमवार को अपने पिता को फोन करके बताया था कि वह किसी काम से बाहर जा रही है।

# महायुति में राज ठाकरे ने शामिल होने का फैसला कब किया...?

## देवेन्द्र फड़णवीस ने कहा, केवल...



**मुंबई:** मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे और बीजेपी नेता अमित शाह की कल दिल्ली में मुलाकात हुई. आधे घंटे तक हुई मुलाकात में उनके बीच गठबंधन पर चर्चा हुई. राज ठाकरे और अमित शाह की मुलाकात ने पूरे महाराष्ट्र और देश का ध्यान खींचा. राज ठाकरे के साथ उनके बेटे अमित ठाकरे और बीजेपी नेता विनोद तावड़े भी थे. एमएनएस के लिए कितनी सीटें छोड़ी जाएंगी? कैसा होगा गठबंधन? महागठबंधन में मनसे की क्या होगी स्थिति? और राज्य में एमएनएस की स्थिति क्या होगी? राज्य में एमएनएस सत्ता में रहेगी या नहीं? इससे ऐसे कई सवाल उठे. लेकिन अमित शाह से मुलाकात के बाद राज ठाकरे तुरंत मुंबई लौट आए. लेकिन फिर भी कल न तो मनसे और न ही बीजेपी ने गठबंधन की कोई आधिकारिक घोषणा की.आखिर कब आएंगे राज ठाकरे महागठबंधन में? वे कितनी और कौन-सी जगह लड़ेंगे? अमित शाह से मुलाकात का असल नतीजा क्या है? ऐसे सवाल हर किसी के मन में होते हैं. यही सवाल आज उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस से भी पूछा गया. उनके इस जवाब की हर तरफ चर्चा हो रही है. राज ठाकरे ने अमित शाह से मुलाकात की है. मुझे लगता है कि इस मामले पर अभी कुछ भी अपरिपक्व कहने के बजाय एक या दो दिन इंतजार करें. देवेन्द्र फड़णवीस ने इस मामले पर कुछ भी स्पष्ट कहने से बचते हुए कहा कि जल्द ही सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा.

### क्या एमएनएस को मुंबई में सीटें मिलेंगी?

इस बीच राज ठाकरे की ताकत मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक और औरंगाबाद में सबसे ज्यादा है. इसलिए अटकलें लगाई जा रही हैं कि अगर राज ठाकरे महागठबंधन में शामिल होते हैं तो वह मुंबई की सीटें छोड़ सकते हैं. इसके अलावा क्या राज ठाकरे को पुणे, ठाणे, नासिक और औरंगाबाद में भी सीटें मिलती हैं? इस बात पर सभी ने गौर किया है. इस बीच राज ठाकरे ने पार्टी बनाने के बाद हर चुनाव अपने दम पर लड़ा. वह किसी पार्टी में शामिल नहीं हुए. नगर निगम से लेकर लोकसभा चुनाव तक राज की भूमिका एक जैसी रही है. हालांकि, अब अगर राज ठाकरे महागठबंधन में शामिल होते हैं तो उनकी गठबंधन की राजनीति शुरू हो जाएगी. तो क्या राज इस महागठबंधन में आएंगे? इस बात पर भी सभी ने गौर किया है.

# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## धुंध का धुंध से संघर्ष...

यहां धुंध का धुंध से संघर्ष, लोग जीत देखने को बीच में खड़े। फिलहाल हिमाचल में केवल लोकसभा या विधानसभा उपचुनाव का डंका नहीं बज रहा, बल्कि निगाहें ढूंढ रही हैं हारी हुई चरागाहें। यहां अंदेशा और अंदाजा एक साथ समीकरणों की खींचतान कर रहा है। हर पल के कदम अदालत तक पहुंचे हुए, कल तक कयास में थे कि बागी विधायकों को कानून का कितना फैसला मिलता, लेकिन आज फासला बढ़ गया। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च तक की उम्मीदों को कोई राहत भले ही नहीं दी, लेकिन छह मई के दिन हिमाचल विधानसभा अध्यक्ष की कानूनी भूमिका की फिर से परख होगी। हालांकि इस बीच चुनाव की तिथियों में लोकसभा के साथ नत्थी हो चुका उपचुनाव और सियासी गहमागहमी के बीच सियासी मुद्राएं, मुकुट और मकसद प्रकट हो गए हैं। हम उपचुनाव को छह मई तक अब इसलिए सुनिश्चित नहीं कर रहे, क्योंकि कानूनी प्रक्रिया में चुनाव की अधिसूचनी सात मई को होगी। यानी धडकनें अब गोल्फ गेंद की तरह उछल रही हैं, फिर भी असमंजस के शिकार हुए अयोग्य विधायकों को कानून की योग्यता से कानून की प्रक्रिया तक चलते रहना होगा।

हिमाचल में कई कानूनी किश्तियां दौड़ रही हैं। विधानसभा अध्यक्ष के जिस फैसले पर छह विधायकों का भविष्य चोट खा रहा है, उसके संदर्भों में सुप्रीम कोर्ट का नोटिस सदन के पीठासीन से जवाब मांग रहा है। अठाईस फरवरी की सर्द हवा अब छह मई की गर्माहट के सामने खुद में कितना कानून सामने रख पाती है, यह देखना होगा। यह दीगर है कि दूसरी ओर भाजपा के नौ विधायकों द्वारा सदन में समझे गए खेदजनक व्यवहार पर जवाब देने का औचित्य विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी सुन सकती है। यहां राजनीति के आने अब पाई साबित हो रहे हैं, तो चारों ओर तांडव नृत्य जैसा शोर मचा है। एक तरह से अब हिमाचल कहां लोकसभा चुनाव में खुद को देख रहा है। जिन मतदाताओं ने कांग्रेस को छह विधायक दिए, वे सभी गौण हैं। अब वकील हैं, वकालत है, अदालत है और इन सबके बीच विधानसभा के कक्ष में लोकतंत्र का अधिकार गूंज रहा है। हिमाचल सरकार का मोह, महत्त्व और महत्त्वाकांक्षा भी अब कानून की फेहरिस्त में सीपीएस नियुक्तियों पर अगली सुनवाई के इंतजार में है। सीपीएस को मंत्रियों वाली सुविधाएं लेने पर रोक के बावजूद पद के लाभार्थी यानी संजय अवस्थी, सुंदर सिंह, राम कुमार, मोहन लाल ब्राक्टा, आशीष बुटेल और किशोरी लाल के खिलाफ दी गई चुनौती पर अंतिम फैसले की दरकार है। लाभ के पदों की ख्वाहिश ने जिन्हें निराश किया, वे तमाम योद्धा असंतुष्ट होते-होते बागी बागीचों में गुम हैं, तो जिन्हें सरकार ने पोसा, उनकी हैसियत को भाजपा ने अदालत में खड़ा कर दिया। हिमाचल की राजनीति के कई पांव हम देख सकते हैं। यही पांव क्रॉस वोटिंग तक पहुंचे, तो सदन से अयोग्य हो गए और सर्वोच्च न्यायालय पहुंचे, तो बीच में चुनाव के शंख बज गए। इधर सत्ता के सामने भाजपा के नौ विधायकों के पांवों में निष्कासन के छाले उभरे हैं, तो उच्च अदालत के रास्ते पर कांटों पर चलते हुए मुख्य संसदीय सचिव अपने पांव बचा रहे हैं। चारों तरफ अदालतें ही अदालतें और कोशिश व कयास यह कि दूसरा पक्ष हलाल हो जाए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# इशान्या मुंबई लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भाजपा उम्मीदवार मानखुर्द मे प्रचार संपर्क अभियान पर

## मिहिर कोटेचा के संपर्क अभियान से मनोज कोटक पार्टी कार्यकर्ताओ समर्थको... जनता ने बनाई दूरी

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** लोकसभा 2024 के चुनावों को लेकर भाजपा ने मुंबई से दो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों मे पूर्व सांसदो का टिकट काट कर नये चेहरों को मौका दिया है। जिसमें उत्तर मुंबई संसादिय क्षेत्र से गोपाल शेट्टी तो इशान्या मुंबई निर्वाचन क्षेत्र से मनोज कोटक का टिकट काटकर बीजेपी ने देशभर मे पार्टी पदाधिकारीयो के बीच यह संदेश जारी किया को पार्टी सर्वपारि है। परंतु इसका अलग प्रभाव इन दिनों देखने को मिल रहा है। उत्तर मुंबई मे जहाँ जनता की बीच गोपाल शेट्टी के द्वारा किये गये विकास कार्यो के चलते



जनता के बीच बढ़ती लोक प्रियता किसी से छुपी नहीं है।

उल्लेखनीय तौर पर आज शाम मानखुर्द-शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र के मानखुर्द मंडाला मे भारतीय जनता पार्टी ईशान्य मुंबई जिला महायुती के उमीदवार मिहिर कोटेचा ने मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा के सभी बूथ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ से मिलने पहुंचें ।वहीं इस अवसर पर मौजूद सभी कार्यकर्ताओ ने उमीदवारी मिलने पर बधाई दिया। बताते है की मनोज कोटक के अगमान पार जितनी भीड़ पार्टी कार्यकर्ताओ, जनता की होती थी वो नदारद रही। वहीं रविंद्र खोत, तथा विधानसभा उपाअधक्षा धर्मवीर सिंह सहित पार्टी पदाधिकारीयो कार्यकर्ताओ के साथ बैठक किया। दूसरी ओर शेट्टी समर्थको मे भितरी तौर पर नाराजगी का इजहार करते दिखाई दिये है ।जिसका टोटल असर लोकसभा चुनावों मे नये उम्मीदवारों के साथ खेला होने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं राजनीतिक पंडितो ने अभी से ही गणित लागने लगे है की आगामी समय मे बीजेपी के पाले से यह दो सीटें निकलकर विरोधी पार्टियों के खाते मे जाने प्रबल संभावना जाता रहे है।

# पत्नी के चरित्र पर करता था संदेह... पत्नी की हत्या कर शव को मकान में दफनाया




**ठाणे :** ठाणे जिले में पुलिस ने एक व्यक्ति को कथित रूप से गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर उसके शव को एक जर्जर मकान में दफनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भिवंडी तालुका के गांव अंगांव से शव को बरामद कर लिया गया है। गणेशपुरी पुलिस थाने के सहायक उप निरीक्षक धर्मराज सोनके ने कहा,''पुलिस के एक गश्ती दल को सूचना मिली कि अंबरनाथ की निवासी ज्योत्सना शेलार पांच मार्च से लापता है। रिश्तेदारों ने शिवाजी नगर पुलिस थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।''पुलिस ने जांच शुरू की और कुछ सुराग मिले, जिसके आधार पर महिला के पति दिगंबर शेलार को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारी ने बताया कि सख्ती से पूछताछ के

बाद उसने स्वीकार लिया कि उसने ही पत्नी की हत्या कर उसका शव अपने पैतृक गांव अंगांव के एक जर्जर घर में दफना दिया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि शादी के बाद कुछ महीनों तक ही दोनों साथ रहे। जब पति पत्नी के चरित्र पर संदेह करने लगा तो दोनों के बीच झगड़े शुरू हो गए। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि इससे तंग होकर महिला ने उसके साथ रहना बंद कर दिया और अंबरनाथ में अपने मायके चली गई। पांच मार्च को आरोपी उससे मिला और उसे अपने साथ गांव चलने को कहा। पुलिस ने बताया कि गांव पहुंचने पर उसने गला दबाकर पत्नी की हत्या कर दी, और शव को दफना दिया। पुलिस ने आरोपी द्वारा दिए गए विवरण के आधार पर महिला के शव को दफनाई हुई जगह से बाहर निकाला। अधिकारी ने बताया कि 12 दिन बाद बाहर निकाला गया शव सड़ चुका है और उसे पोस्टमार्टम के लिए मुंबई के जे जे अस्पताल भिजवा दिया गया है।

# डोंबिवली इलाके में मानपाड़ा पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी का किया भंडाफोड़!



**डोंबिवली :** डोंबिवली इलाके में मानपाड़ा पुलिस ने एक अवैध शराब भट्टी का भंडाफोड़ किया और इसे संचालित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 1.67 लाख रुपए मूल्य की लगभग 235 लीटर अवैध शराब और अन्य सामग्री जब्त की। अधिकारी ने बताया कि मानपाड़ा पुलिस ने शराब भट्ठी के मालिक, जिसकी पहचान नीलेश पाटिल (26) के रूप में हुई है। उनके खिलाफ महाराष्ट्र निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की आगे की जांच कर रही है।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 नजदीक होने के कारण, ठाणे भर के सभी पुलिस स्टेशनों को अवैध हथियारों, अवैध शराब या अवैध शराब की बिक्री, मादक दवाओं और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने कहा कि सहायक पुलिस निरीक्षक प्रशांत अंधाले और मानपाड़ा से उनकी जांच टीम को मानपाड़ा क्षेत्राधिकार के भीतर एक वन क्षेत्र में चल रही एक अवैध शराब भट्टी के बारे में जानकारी मिली। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, इसे कोलगांव डोंबिवली नीलेश पाटिल द्वारा संचालित किया जा रहा था। सूत्रों के माध्यम से जानकारी मिली थी कि यह गांव एक हाथ भट्टी स्थापित कर रहा था और उससे शराब छान रहा था।

# दहेज उत्पीड़न घरेलू हिंसा के दो मामले दर्ज

**भिवंडी :** भिवंडी शहर के दो अलग अलग क्षेत्रों दहेज उत्पीड़न घरेलू हिंसा के दो मामले प्रकाश में आया है। पुलिस ने दोनों मामलों में 12 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित मारपीट करने मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। किन्तु किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक पहली घटना निजामपुरा पुलिस स्टेशन सीमा अंर्तगत तलावली नाका कांबे रोड़ स्थित सुनिल पाटिल की चाल में रहने वाली मधू नागराज कोरे (28) ने




दर्ज कराया है कि कर्नाटक के कुलबेर्गी, नवजीवन नगर के रहने वाले नागराज कोरे से उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से उसकी सासू कुसुमावती आणाप्पा कोरे और उसका पति नागराज कोरे दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करते और उसके साथ मारपीट करते।




# ठाणे में एक घर में इलेक्ट्रिक गाडी की फटी बैटरी... मकान की छत ढही और ३ लोग घायल



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक घर में इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल की बैटरी में विस्फोट हो गया, जिसमें दो महिलाएं और एक पुरुष घायल हो गए हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन विभाग के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा कि मंगलवार की रात हुए विस्फोट के कारण मकान की छत और पड़ोस के मकान से सटी दीवार ढह गई है। कलवा इलाके के शांति नगर में एक चॉल में स्थित घर में यह बैटरी रखी थी। अधिकारी ने बताया कि रात करीब 10.30 बजे बैटरी में विस्फोट हो गया। उन्होंने बताया कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि इसे घर में चार्जिंग के लिए रखा गया था या नहीं। उन्होंने बताया कि जिस घर में बैटरी में विस्फोट हुआ उसमें रहने वाली 28 वर्षीय महिला और पड़ोस के घर में रहने वाले 66 वर्षीय पुरुष और 56 साल की महिला घायल हो गई हैं। सूचना मिलने के बाद स्थानीय दमकलकर्मी और आपदा प्रबंधन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में घायल हुए तीनों पीड़ितों को कलवा में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने कहा कि बैटरी में हुए विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

# महाराष्ट्र के परभणी जिले में बड़ा हादसा...

## पुल से गिरी बस, 30 यात्री घायल



**मुंबई:** महाराष्ट्र के परभणी जिले में बुधवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया है। यहां राज्य परिवहन की एक बस पुल से गिर गई, जिससे बस में सवार लगभग 30 यात्री घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दुर्घटना के समय बस परभणी के जिंतूर से सोलापुर की ओर जा रही थी।

**सामने आई हादसे की वजह**

अधिकारी ने बताया कि बस चालक के नियंत्रण खो देने से यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि मुंबई से लगभग 500 किमी दूर स्थित परभणी के जिंतूर तालुका के अकोली में बस एक पुल से नीचे गिर गई। परभणी के पुलिस अधीक्षक रवींद्रसिंह परदेशी ने कहा, ''इस हादसे में लगभग 30 यात्री घायल हुए हैं और सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कहा कि घायल लोगों को शुरू में जिंतूर में एक चिकित्सा सुविधा केंद्र में ले जाया गया और बाद में सभी को परभणी शहर के एक सरकारी अस्पताल भेजा गया।

**लातूर में भी 10 दिन पहले हुआ था भीषण हादसा**

महाराष्ट्र के लातूर जिले के औसा में भीषण हादसा हुआ था। यहां एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे एक होटल में जा घुसी थी। इस हादसे में होटलकर्मी के दोनों पैर टूट गए, वहीं कार में सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। लातूर जिले के औसा में हाईवे नंबर 361 पर सीएनजी पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कार अचानक एक होटल में जा घुसी थी। दरअसल हैदराबाद से लातूर आ रही तेज रफ्तार क्रेटा कार के ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया था और तेज रफ्तार कार सीधे होटल में जा घुसी थी। इस हादसे में 14 साल के होटलकर्मी ओंकार कांबले के दोनों पैर टूट गए थे। वहीं कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। कार में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## अदालत ने हत्या के नौ साल बाद आरोपी को बरी किया, संदेह का लाभ दिया

**ठाणे :** ठाणे जिले की एक अदालत ने एक मजदूर की 2014 में हुई हत्या के मामले में आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया और कहा कि अभियोजन उसके खिलाफ अपना मामला साबित करने में नाकाम रहा है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित एम शेटे ने 11 मार्च को पारित फैसले में कहा कि जांच अधिकारी मामले की ठीक से जांच करने में विफल रहे। इस फैसले की प्रति सोमवार को उपलब्ध हुई। अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय मोरे ने अदालत को बताया कि राजेश बोधि साव नामक श्रमिक की हत्या कर दी गई थी और वह तथा आरोपी- हनुमंत नरसिंग मितकर (39) और दिलीप विठ्ठल हडसे ठाणे शहर में एक ही निर्माण स्थल पर काम करते थे और एक-दूसरे को जानते थे।

# चुनाव जीतने के लिए 'ठाकरे' को चुराने की कोशिश करने का आरोप

**छत्रपति संभाजीनगर।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को बीजेपी पर चुनाव जीतने के लिए 'ठाकरे' को चुराने की कोशिश करने का आरोप लगाया, यह टिप्पणी मनसे प्रमुख राज ठाकरे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच एक बैठक के मद्देनजर आई है। नादेड़ जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि अगर बीजेपी ने उनके चचेरे भाई को छीन लिया तो उन्हें कोई परेशानी नहीं है।





राज ठाकरे द्वारा दिल्ली में शाह से मुलाकात के बाद उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर यह हमला बोला है। इस चर्चा के बीच कि बीजेपी महाराष्ट्र में अपने गठबंधन को बढ़ावा देने के लिए लोकसभा चुनाव में उनके साथ गठबंधन करना चाहती है। उन्होंने कहा, ''बीजेपी अच्छी तरह से जानती है कि उन्हें महाराष्ट्र में पीएम नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट नहीं मिलते हैं। लोग यहां बाल ठाकरे के नाम पर वोट करते हैं। इस अहसास ने बीजेपी को बाहर से नेताओं को चुराने की कोशिश करने के लिए प्रेरित किया।'' राज ठाकरे ने उद्धव के साथ अपने मतभेदों के कारण (जब शिवसेना अविभाजित थी) उससे नाता तोड़ लिया था और 2006 में एमएनएस की स्थापना की थी। हालांकि, उनकी एमएनएस ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सकी, भले ही उन्हें एक शक्तिशाली वक्ता के रूप में देखा जाता है और उनके एक निश्चित अनुयायी हैं। उल्लेखनीय है कि अतीत में उत्तर भारतीयों के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणियों की बीजेपी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने तीखी आलोचना की थी।

## दुबई से मुंबई आ रही महिला ऐसी जगह छिपाकर लाई गोल्ड चेन, हैरान रह गए अफसर



**नई दिल्ली :** सीमा शुल्क विभाग ने दुबई से मुंबई आ रही महिला यात्री के सैंडल की तलाशी ली। जांच के दौरान महिला के सैंडल से 24 कैरेट के 2 गोल्ड चैन बरामद किए गए। सीमा शुल्क विभाग के मुताबिक, महिला सैंडल में छिपाकर 240.00 ग्राम (नेट) वजन की दो सोने की चैन गैर-कानूनी तरीके सा ला रही थी। महिला स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी 14 से यात्रा कर रही थी।

**अमूल मक्खन में छिपाकर लाया जा रहा था सोना**

कुछ दिनों पहले मुंबई एयर पोर्ट पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने अमूल मक्खन में छिपाकर सोने की तस्करी करने के आरोप में दुबई से मुंबई आए एक भारतीय नागरिक को पकड़ा। दुबई से यात्रा करके मुंबई लौटे भारतीय नागरिक को जांच के लिए कस्टम अधिकारियों ने रोका। अधिकारियों को यात्री के पास से पांच 24 कैरेट सोने के आभूषण, तीन रोडियम प्लेटेड सिक्के, सोने के तार के कटे हुए टुकड़े, जिनका कुल वजन 215 ग्राम हैं। इसके साथ ही दो आईफोन प्रो 128 जीबी बरामद किए गए।

## नवी मुंबई में पनवेल-सायन रोड पर 10 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित तंबाकू बरामद... दो गिरफ्तार

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई में पुलिस ने लाखों रुपये के प्रतिबंधित तंबाकू के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने मंगलवार को महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर में एक ऑटो से करीब 10 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित तंबाकू को जब्त किया है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिबंधित तंबाकू की तस्करी को लेकर सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पनवेल-सायन रोड पर वाशीगांव के पास जाल बिछाया. वाशी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब एक बजे टेंपो को वहां आते देखा गया जिसके बाद जांच के लिए उसे रोका गया। उन्होंने कहा कि पुलिस को बोरियों में पैक विभिन्न ब्रांडों के पान मसाला और अन्य तंबाकू उत्पाद मिले जिन्हें जब्त कर लिया गया। टेम्पो में सवार 30 और 51 साल के दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, उनमें से एक ठाणे जिले के मुंब्रा का रहने वाला था और दूसरा पुणे के मावल का रहने वाला था। ऑनलाइन पेमेंट से पुलिस के शिकंजे में आया आरोपी, 81 साल की बुजुर्ग से की थी, लूटपाट अधिकारी ने कहा कि इस मामले में दो और लोगों को ढूंढने की कोशिश की जा रही है। आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 328, 272, 273 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# मुंबई हवाईअड्डे ने ग्रीष्मकालीन उड़ान परिचालन में 8% का विस्तार किया

**मुंबई:** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) ने अपने ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसमें 2023 के ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम की तुलना में साप्ताहिक उड़ान आंदोलनों में 8% की वृद्धि देखी गई है। 31 मार्च, 2024 से 26 अक्टूबर, 2024 तक प्रभावी, सीएसएमआईए ने समायोजन जारी रखा है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा दोनों में उछाल। ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम में ताशकंद के लिए एक नए मार्ग की शुरुआत के साथ-साथ पेरिस, दोहा और हनोई जैसे अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए विस्तारित सेवाएं शामिल हैं। सीएसएमआईए (मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा) ने 951 दैनिक आवाजाही का अनुमान लगाया है, जो 2023 की पिछली ग्रीष्मकालीन अनुसूची में लगभग 882 थी। 2024 में साप्ताहिक उड़ान संचालन में 2023 की तुलना



में 8% से अधिक की वृद्धि देखी जाएगी, जो कुल मिलाकर 6,657 से अधिक होगी। इंडिगो 1,255 साप्ताहिक प्रस्थानों के साथ अग्रणी होगी, जबकि एयर इंडिया और विस्तारा क्रमशः 539 और 519 साप्ताहिक प्रस्थानों का योगदान देंगे। ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम विभिन्न गंतव्यों के लिए बढ़ी हुई उड़ान आवृत्तियों के साथ उन्नत कनेक्टिविटी का परिचय देता है। उल्लेखनीय वृद्धि में दिल्ली के लिए 27 अतिरिक्त साप्ताहिक उड़ानें शामिल हैं, साथ ही श्रीनगर के लिए 28, अयोध्या के लिए 14 और कोलकाता के लिए क्रमशः 9 अतिरिक्त उड़ानें शामिल हैं। सीएसएमआईए यात्रियों की बढ़ती जरूरतों और हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को स्वीकार करता है। यात्री नए शुरू किए गए मार्गों सहित 682 घरेलू और 269 अंतर्राष्ट्रीय आवाजाही की उम्मीद कर सकते हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर विवरण**

इसके अलावा, विस्तारा सप्ताह में पांच बार पेरिस, अकासा एयर दोहा से सप्ताह में चार बार और उज्बेकिस्तान एयरवेज ताशकंद के लिए सप्ताह में दो बार उड़ान भरेगी। विस्तारा हनोई के लिए दैनिक उड़ानें भी प्रदान करेगा। हवाई अड्डे ने न केवल सीएसएमआईए में यात्री यातायात की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी इस कार्यक्रम को सावधानीपूर्वक तैयार किया है कि यात्रियों को कुशल सीधी उड़ान कनेक्शन के माध्यम से इष्टतम सुविधा और सुरक्षा का आनंद मिले।

# ठाणे जिले में कबाड़ गोदाम परिसर में लगी आग... कोई हताहत नहीं



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बुधवार आधी रात के बाद एक कबाड़ गोदाम के परिसर में आग लग गई और देखते-देखते अन्य गोदाम भी इसकी चपेट में आ गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

भिवंडी निजामपुर नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी शैलेश शिंदे ने बताया कि भिवंडी शहर की दापोडा रोड पर वालपाड़ा में स्थित गोदाम परिसर में देर रात करीब 12.45 बजे आग लगी और तेजी से अन्य गोदामों में भी फैल गई।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और सुबह साढ़े पांच बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि आग में नष्ट हुए गोदामों की सही संख्या का अभी तक पता नहीं चला है। कुछ गोदामों में कबाड़ हो चुके वाहन रखे हुए थे। उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में पानी के टैंकरों की कमी के कारण वहां शीतलन अभियान में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# महाराष्ट्र में बढ़ा शिवसेना का कुनबा, नगरसेवक समेत कई कार्यकर्ता शिंदे गुट में हुए शामिल



**मुंबई :** मुंबई में मगाठाणे विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 के पूर्व नगरसेवक बालकृष्ण ब्रीथ कई कार्यकताओं के साथ सार्वजनिक रूप से शिवसेना पार्टी में शामिल हो गए हैं. इस मौके पर उनका पार्टी में स्वागत किया गया और भविष्य में सामाजिक और राजनीतिक प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं. उनके साथ उनके दामाद हृषिकेश ब्रीथे, विधानसभा समन्वयक दत्ताराम काडगे, उपभोक्ता कक्ष वार्ड आयोजक दत्ताराम चिंदरकर, उपशाखा प्रमुख संतोष यादव, सुधाकर सावंत, सचिन येडेकर, अनिल बनकर भी सार्वजनिक रूप से शिवसेना में शामिल हुए. इस अवसर पर शिवसेना सचिव संजय मोरे, शिवसेना प्रवक्ता किरण पावस्कर, पूर्व नगरसेवक राम रेपाले, गोरेगांव प्रभाग प्रमुख स्वप्निल तेम्बावलकर, शिवसेना प्रवक्ता श्रीमती शीतल म्हात्रे और शिवसेना के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे. महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं का इस्तीफा और दूसरी पार्टी में जाने का सिलसिला जारी है. महाराष्ट्र में इससे पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता मिलिंद मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी और अशोक चव्हाण ने पहले ही पार्टी से इस्तीफा दे दिया है.

**मिलिंद देवड़ा का इस्तीफा**

4 दिसंबर 1976 को जन्मे मिलिंद मुरली देवड़ा मुंबई दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से 15वीं लोकसभा के सदस्य और मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष थे. 14 जनवरी, 2024 को देवड़ा ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपने इस्तीफे की घोषणा की. वह अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं.

कुछ हफ्ते पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता बाबा सिद्दीकी ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया. महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक बाबा सिद्दीकी पार्टी प्रमुख और राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की उपस्थिति में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-अजित पवार का गुट) में शामिल हो गए.

**अशोक चव्हाण ने छोड़ी पार्टी**

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण कांग्रेस पार्टी छोड़ने के एक दिन बाद भाजपा में शामिल हो गए. चव्हाण 2014 से 2019 तक राज्य कांग्रेस प्रमुख रहे हैं. उन्होंने भोकर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया और नांदेड़ निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व सांसद भी हैं. इस वक्त वो बीजेपी से राज्यसभा सांसद हैं.

# 20 अवैध मंदिर बेलापुर पहाड़ी पर पनप रहे... सिडको ने जारी किया नोटिस




**नवी मुंबई:** शहर और औद्योगिक विकास निगम (सिडको) ने बेलापुर नोड में पारसिक हिल्स पर बने लगभग 20 अवैध मंदिर संरचनाओं को नोटिस दिया है, क्योंकि कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समक्ष लाल झंडा उठाया है, जिसमें भूस्खलन से आसपास के लोगों और संपत्तियों को खतरे में पड़ने की आशंका है। क्षेत्र। 9 साल पुराने मुद्दे पर नैटकनेक्ट फाउंडेशन की चिंता का जवाब देते हुए शिंदे ने शहरी विकास-1 के प्रमुख सचिव असीम गुप्ता को इस मुद्दे को उठाने का निर्देश दिया है। नैटकनेक्ट के निदेशक बी एन कुमार ने कहा, ''हमारे पास गुप्ता को संबोधित सीएमओ का एक ईमेल है।'' उन्होंने कहा, ''हम मंदिरों के खिलाफ नहीं हैं और धार्मिक समूह कानूनी भूखंडों और पूजा के लिए संपर्क कर सकते हैं।'' इस बीच, सिडको के अधिकारियों ने स्थानीय कार्यकताओं को बताया कि 19 अनधिकृत मंदिर संरचनाओं को नोटिस दिया गया है, जबकि पहाड़ी के किनारे कुछ और निर्माण देखा गया है।कुमार ने बताया कि पहाड़ी पर अतिक्रमण 2015 से जारी है। तत्कालीन सिडको उपाध्यक्ष और एमडी संजय भाटिया ने कार्रवाई का वादा किया था। स्थानीय नागरिक पूर्व सेव बेलापुर हिल फोरम, नैटकनेक्ट सिडको के संयुक्त एमडी कैलाश शिंदे के पास पहुंचे, जिन्होंने कार्यकताओं को शहर योजनाकार के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुरेश मेंगडे को निर्देशित किया।

सिडको ने अब नैटकनेक्ट को पुष्टि की है कि एक समिति को इस मुद्दे की जांच करने के लिए कहा गया है। गेंद योजना विभाग के पाले में है। कल्पतरु सहकारी आवास सोसायटी के निवासियों ने बताया कि 2016 में भूस्खलन के बावजूद सिडको ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।अतिक्रमण और ध्वनि प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्रों में से एक कल्पतरु सोसायटी लंबे समय से सिडको के साथ पत्राचार कर रही है। कार्यकर्ता अदिति लाहिड़ी ने कहा, ''हमारे एकजुट प्रयासों के बावजूद हमें शायद ही कोई परिणाम दिख रहा है।''उन्होंने लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा, ''मई 2012 में ही, कल्पतरु सीएचएस के तत्कालीन सचिव ने कल्पतरु के पीछे की पहाड़ियों को समतल करने के संबंध में संबंधित वार्ड अधिकारी को लिखा था।''

सिडको को लिखे कल्पतरु पत्र में कहा गया है कि एक मंदिर 10 एकड़ में बनाया गया है, जो कोई छोटा क्षेत्र नहीं है। कार्यकर्ता कपिल कुलकर्णी ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर तेज संगीत बजता है, जिससे परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों और उनके आसपास की सोसायटी में रहने वाले मरीजों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा, ''हमने पुलिस से शिकायत की है, जिसने हमें उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।''सिडको समय पर कार्रवाई करने में विफल रहा है, निवासियों ने तर्क दिया और बताया कि अगर अब भी इन अतिक्रमणों की जाँच नहीं की गई तो किसी भी प्राधिकरण के लिए कार्रवाई करना असंभव हो जाएगा।

# पीएम चेहरे वाली संत की मॉर्फ्ड तस्वीर के खिलाफ विधायक गीता जैन ने कार्रवाई की मांग की



**मुंबई :** सुप्रीम कोर्ट ने नायडू के कौशल घोटाला मामले को 16 अप्रैल तक के लिए टाल दिया, मीरा भयंदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली स्वतंत्र विधायक गीता जैन ने उन व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई का आ''न किया है, जिन्होंने कथित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे के साथ पूज्य संत श्री स्वामी समर्थ महाराज की तस्वीर पोस्ट की थी। आपत्तिजनक टिप्पणी से.भयंदर में नवघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को लिखे अपने पत्र में, जैन ने जोर देकर कहा, ''रूपांतरित तस्वीर ने न केवल लोगों और अत्यधिक सम्मानित संत के भक्तों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है, बल्कि प्रधान मंत्री का भी अपमान किया है। पुलिस को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।''छेड़छाड़ की गई तस्वीर फेसबुक पर साझा की गई, जिसके बाद जैन ने अपने पत्र में सबूत दिए और मांग की कि जिम्मेदार लोगों पर आईपीसी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए जाएं।

# नाला सफाई अब तक नहीं हुई शुरू

## लोकसभा चुनाव के कारण प्री मानसून कार्य प्रभावित होने की संभावना



**मुंबई :** मनपा प्रशासन हर साल नालो की सफाई 1 मार्च से शुरू कर देती है। इस साल 20 मार्च बीत जाने के बावजूद अभी तक नाला सफाई नहीं शुर हो पाई है। इस बीच लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जिससे इस तरह के कामो पर और असर पड़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बता दे कि नालों की सफाई का कार्य 31 मार्च तक करीब 20 प्रतिशत पूरा हो जाना चाहिए। लेकिन इस साल अब तक सफाई का काम शुरू नहीं हो सका है जबकि मार्च समाप्त होने में सिर्फ 10 दिनों का समय बचा है। मनपा जनवरी में ही नालों की सफाई के लिए टेंडर जारी कर दिया था। नाला सफाई नहीं शुरू होने पर मनपा अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

मनपा बारिश के पहले 31 मई तक 80 प्रतिशत नाला सफाई करती है। दूसरे चरण के अंतर्गत मानसून के दौरान 1 जून से 30 सितंबर तक 10 प्रतिशत नालों की सफाई और मानसून के बाद तीसरे चरण के अंतर्गत 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर के बीच बाकी 10 प्रतिशत नालों की सफाई की जाती है।मनपा प्रशासन हर साल नालों की सफाई इसलिए करवाती है,जिससे मॉनसून के दौरान बारिश का पानी तेजी से समंदर में चला जाए, और मुंबई में बाढ़ का खतरा न पैदा हो। मुंबई में 309 बड़े नाले हैं जिनकी लंबाई 272 किलोमीटर है। छोटे नालों की संख्या 508 है , जिसकी लंबाई 605 किमी है। मुंबई सिटी में लगभग 32 किलोमीटर लंबे बड़े नाले हैं। जबकि पूर्वी उप नगर में तकरीबन 100 किलोमीटर लंबे बड़े नाले हैं। वहीं पश्चिमी उपनगर में तकरीबन 140 किलोमीटर लंबे बड़े नाले हैं।मानसून के दौरान मुंबई में होने वाली बाढ़ जैसी स्थिति वर्ष 2005 को मुंबई में आई प्रलयकारी बाढ़ को नहीं भुलाया जा सकता है जिसमे सैकड़ो लोगो की जान गई थी इतना ही लाखो करोड़ की सम्पत्ति का भी नुकसान हुआ था।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com